" अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग
पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के संबंध में। "

//आवश्यक सूचना//

"समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2023–24 से ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पोर्टल में कुछ आवश्यक संशोधन किया गया है जिसके अनुसार आधार में पंजीकृत मोबाईल नंबर पर प्राप्त ओ.टी.पी. (OTP) पोर्टल पर दर्ज करने के उपरान्त ही विद्यार्थियों के आवेदन लॉक हो सकेगा।" इस हेतु आवश्यक निर्देश निम्नानुसार है :–

01– विद्यार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि वे अपने आधार में जो मोबाईल नंबर दिया गया है सहीं है एवं वही मोबाईल नंबर उपयोग कर रहें है।

02– यदि आधार में मोबाईल नंबर किसी और का है या बंद है तो तत्काल आधार सेंटर में जाकर अपने आधार से वर्तमान में संचालित मोबाईल नंबर को अपडेट करा लें।

03– वर्ष 2023–24 ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पोर्टल अंतर्गत आवेदन का सत्यापन आधार से किया जाना है इस हेतु मोबाईल नंबर वही दर्ज करें जो आपके आधार से लिंक है, जिससे आपके मोबाईल नंबर पर ओ.टी.पी. (OTP) प्राप्त हो सके। ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पोर्टल पर ओ.टी.पी. (OTP) दर्ज करने के उपरान्त ही आवेदन को लॉक किया जा सकेगा।

04– आधार में मोबाईल नंबर को तत्काल अपडेट करा लेवें। ताकि समय में ऑनलाईन आवेदन कर सकें।

05– वर्तमान में वर्ष 2023–24 ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पोर्टल प्रारम्भ नहीं हुआ है। (जल्द ही प्रारम्भ होने वाला है) प्रारम्भ होने की सूचना एवं समय–सीमा प्राप्त होने पर पृथक से सूचित किया जावेगा। तब तक विद्यार्थियों से अनुरोध है कि वे अपने आधार में मोबाईल नंबर अपडेट कराने के कार्य को प्राथमिकता देते हुए पूर्ण करें। ताकि किसी भी विद्यार्थी को ऑनलाईन आवेदन करने में परेशानी न हो।

06– आधार में मोबाईल नंबर अपडेट नहीं करा पाने एवं ऑनलाईन आवेदन नहीं कर पाने की स्थिति में विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

आदेशानुसार

23/11/2023
PRINCIPAL
Govt. K.R.D. College
Nawagarh, Distt. Bemetara(C.G.)

Letter 005